अनन्तगुणा हीन होता है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। नामकर्मका भंग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है। इसी प्रकार स्वाति-संस्थानकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार कुब्जक और वामन संस्थानकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यह नपुंसकवेदका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। चार संहननका भंग चार संस्थानके समान है। असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका भंग नामकर्मसे पहलेकी और आगेकी प्रकृतियोंकी अपेक्षा ज्ञानावरणके समान है। नामकर्मका भंग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है। इसी प्रकार अर्थात् असम्प्राप्तासृपाटिका संहननके समान एकेन्द्रिय जाति और स्थावर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१६०. आतप प्रकृतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, भय, जुगुप्सा, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। सातावेदनीय, असातावेदनीय और चार नोकषायका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। नामकर्मका भङ्ग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है।

१६१. उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। नामकर्मका भङ्ग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है।

१६२. अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवके नामकर्मसे पूर्वकी और आगेकी प्रकृतियोंका भङ्ग नरकगतिके समान है। नामकर्मका भंग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है।

१६३. सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला, जीव पाँच

---

१. आ० प्रतौ एइंदि० आदाव थावर उ० बं० इति पाठः। २. ता० प्रतौ पंचणा० असादा० इति पाठः।

मिच्छ०--सोलसक०--पंचणोक०--णीचा०--पंचंत० णिय० अणंत०ही० । णाम० सत्थाणभंगो ।

१६४. णिरएसु आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तिरिक्ख०--हुंड०-असंप०--अप्पसत्थ०४--तिरिक्खाणु०-उपघा०-अप्पसत्थवि०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० णि० । तं तु० । पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थ०४--अगु०३--तस०४--णिमि० णि० अणंत०ही० । उज्जो० सिया० अणंत०ही० । एवं णाणावरणादि० तं तु० पदिदाओ ताओ अण्णमण्णस्स । तं तु० ।

१६५. सादा० उ० बं० पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-पंचणोक०-अप्पसत्थ०४--उप०-पंचंत० णि० अणंत०ही० । मणुस०-पंचिंदि०-तिण्णिसरीर-समचदु०--ओरालि०-अंगो० - वज्जरि० - पसत्थ०४--मणुसाणु० - अगु०३--पसत्थवि० - तस०४--थिरादिछ०-णिमि०-उच्चा० णि० । तं तु० । तित्थ० सिया० । तं तु० । एवं सादभंगो तं तु० पदिदाणं० ।

ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पांच नोकषाय, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। नामकर्मका भंग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है।

१६४. नारकियोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, हुण्ड संस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पांच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आंगोपांग, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार तं तु पतित ज्ञानावरणादि जितनी प्रकृतियां हैं उनका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु आभिनिबोधिक ज्ञानावरण को मुख्य करके जिस प्रकार सन्निकर्ष कहा है उसी प्रकार तं तु पतित शेष सब प्रकृतियोंकी मुख्यतासे कहना चाहिए।

१६५. सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पाँच नोकषाय, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, उपघात और पांच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, तीन शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आंगोपांग, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण और उच्चगोत्रका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि

१६६. सेसं ओघं। णवरि तिरिक्खायु० उ० बं० मिच्छ० णि० अणंतगु०हीं०। एवं धुवियाणं०। सादासाद० सिया० अणंत०हीं०। एवं परियत्तमाणियाओ सव्वाओ सादभंगो। मणुसाउ० उ० बं० पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-पुरिस०-भय-दु०-मणुस०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो[1]०-वज्जरि०-पसत्थापसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० णि० अणंत०हीं०। सादासाद०-चदुणोक०-थिरादितिण्णियुग०-तित्थ० सिया[2] अणंत०-हीं०। चदुसंठा०-चदुसंघ०-उज्जो० ओघं०। एवं छसु पुढवीसु। णवरि उज्जो० तिरिक्खायुभंगो। सत्तमाए पुरिस०-हस्स-रदि-[चदु-] संठा०-पंचसंघ० उ० बं० तिरिक्खगदी धुवं कादव्वं। सेसं णिरयोघं।

१६७. तिरिक्खेसु आभिणिबोधि० उ० बं० चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-णिरयग०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-णिरयाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० णि०। तं तु०। पंचिंदि०-तिण्णिसरीर-वेउव्वि०-

अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। इसी प्रकार तं तु पतित जितनी प्रकृतियां हैं उनका सातावेदनीयके समान भंग जानना चाहिए।

१६६. शेष प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्वका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियों का जानना चाहिए। सातावेदनीय और असातावेदनीयका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। परिवर्तमान जितनी प्रकृतियाँ हैं उनका इसी प्रकार सातावेदनीयके समान भंग है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट अनुभाग का बन्ध करनेवाला जीव पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आंगोपांग, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और पांच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर आदि तीन युगल और तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। चार संस्थान, चार संहनन और उद्योतका भंग ओघके समान है। इसी प्रकार प्रारम्भकी छह पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उद्योतका भंग तिर्यञ्चायुके समान है। सातवीं पृथिवीमें पुरुषवेद, हास्य, रति, चार संस्थान और पाँच संहननके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगतिका ध्रुव बन्ध करता है अर्थात् नियमसे बन्ध करता है। शेष सब प्ररूपणा सामान्य नारकियोंके समान है।

१६७. तिर्यञ्चोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पांच नोकषाय, नरकगति, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनु-

१. आ० प्रतौ तेजाक० ओरालि० अंगो० इति पाठः। २. ता० प्रतौ तिण्णियुग० सिया० इति पाठः।

अंगो०-पसत्थ०४-अगु०३-तस४-णिमि० णि० अणंत०हीं० । एत्थ एदाओ तं तु पदिदाओ अण्णमण्णस्स आभिणि०भंगो ।

१६८. साद० उ० बं० पंचणा०-छदंसणा०-अट्ठक०-पंचणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० णि० अणंतगुणहीं० । देवगदिसत्तावीस-उच्चा० णि० । तं तु० । एदाओ सादभंगो । चदुणोक०-चदुआयु० ओघं ।

१६९. तिरिक्खग० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-णीचा०-पंचंत णि० अणंत०हीं० । णाम० सत्थाणभंगो । एवं चदुजादि-असंप०-तिरिक्खाणु०-थावरादि४० ।

१७०. मणुसग० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-पुरिस०-भय-दु०-उच्चा०-पंचंत० णि० अणंतगु०हीं० । सादासाद०-चदुणोक० सिया० अणंत०-हीं० । णाम० सत्थाणभंगो । एवं मणुसगदिपंच० । चदुसंठा०-चदुसंघ०-आदाव० ओघं[1] । उज्जो० पढमपुढविभंगो । अथवा बादर-तेउ०-वाउ० उक्कस्सयं करेंदि । सव्व-

भागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है । पञ्चेन्द्रिय जाति, तीन शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । यहां ये तं तु पतित जितनी प्रकृतियां हैं उनका परस्पर आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके समान भङ्ग है ।

१६८. सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, पाँच नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । देवगति आदि सत्ताईस प्रकृतियाँ और उच्चगोत्रका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है । यहां देवगति आदि प्रकृतियोंका भंग सातावेदनीयके समान है । चार नोकषाय और चार आयुका भंग ओघके समान है ।

१६९. तिर्यञ्चगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । नामकर्मका भंग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है । इसी प्रकार चार जाति, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और स्थावर आदि चारकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१७०. मनुष्यगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । सातावेदनीय, असातावेदनीय और चार नोकषायका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । नामकर्मका भंग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है । इसी प्रकार मनुष्यगति पञ्चककी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । चार संस्थान, चार संहनन और आतपका भंग ओघके समान है । उद्योतका भंग पहली पृथिवीके समान है । अथवा बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीव उत्कृष्ट करते हैं ।

१. ता० प्रतौ आदाउ० ओघं, आ० प्रतौ आदाउज्जो० ओघं इति पाठः ।

विसुद्धा मूलोघो। एवं पंचिंदियतिरिक्ख०३।

१७१. पंचिं०तिरि०अपज्जत्तगेसु आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावरादि४-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० णि०। तं तु०। ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०-णिमि० णि० अणंत०हीं०। एवमेदाओ अण्णोण्णस्स तं तु०।

१७२. सादा० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० णि० अणंतगुणहीं०। मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-पसत्थवि०-तस०४-[illegible] एवमेदाओ एकमेकस्स। तं तु०।

१७३. इत्थि० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-अप्पसत्थ०-

---

यदि सर्व विशुद्ध तिर्यञ्च करते हैं तो मूलोघके समान भंग है। इसी प्रकार अर्थात् सामान्य तिर्यञ्चोंके समान पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकके जानना चाहिए।

१७१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, नीच गोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। यहां तं तु पतित जितनी प्रकृतियां हैं उनकी अपेक्षा परस्पर इसी प्रकार सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१७२. सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पांच नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पांच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण और उच्चगोत्रका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। यहां तं तु पतित जितनी प्रकृतियां हैं उनकी अपेक्षा परस्पर जैसा सातावेदनीयकी अपेक्षा सन्निकर्ष कहा है उसी प्रकार सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१७३. स्त्रीवेदके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति,

तस०४-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० णिय० अणंतगुणहीणं० । सादासाद०-चदुणोक०-दोगदि-तिण्णिसंठा०-तिण्णिसंघ०-दोआणु०-उज्जो०-थिरादि-तिण्णियुग० सिया० अणंतगुणहीणं० । एवं पुरिस० । णवरि पंचसंठा०-पंचसंघ० ।

१७४. हस्स० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-भय-दु[1]०-तिरिक्ख०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावरादि०४-थिरादिपंच०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० णि० अणंतगुणहीणं० । रदी णि० । तं तु० । एवं रदीए० । दोआउ[2]० णिरयभंगो ।

१७५. बेइं०-तेइं०-चदुरिं० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-भय-दु०-णीचा०-पंचंत० णि० अणंतगुणही० । सादासाद०-चदुणोक० सिया० अणंतगुणहीणं० । णाम० सत्थाणभंगो ।

१७६. चदुसंठा० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ[3]०-सोलसक०-भय-दु०-णीचा०-पंचंत० णि० अणंतगुणहीणं० । दोवेद०-चदुणोक० सिया० अणंत-

---

त्रसचतुष्क, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, दो गति, तीन संस्थान, तीन संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत और स्थिर आदि तीन युगलका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार पुरुषवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहां तीन संस्थान और तीन संहननके स्थानमें पांच संस्थान और पाँच संहनन कहने चाहिए।

१७४. हास्य प्रकृतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसक वेद, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर आदि चार, स्थिर आदि पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। रतिका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। इसी प्रकार रति की मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। दो आयुओंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष नारकियोंके समान है।

१७५. द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति और चतुरिन्द्रियजातिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, भय, जुगुप्सा, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। सातावेदनीय, असातावेदनीय और चार नोकषायका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। नामकर्मका भङ्ग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है।

१७६. चार संस्थानके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, भय, जुगुप्सा, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। दो वेद और

---

१. आ० प्रतौ सोलसक० भयदु० इति पाठः। २. आ० प्रतौ दोआणु० इति पाठः।
३. ता० प्रतौ णवदंसणा० मिच्छ० इति पाठः।

गुणहीणं० । णाम० सत्थाणभंगो । णवरि णग्गोद०-सादि० उक्कस्सं बंधंतो दोवेद० सिया० अणंतगुणहीणं० । खुज्ज०-वामण० णवुंस० णि० अणंतगुणहीणं० । एवं चदु-संघ० । असंपत्त० बेइंदियभंगो[1] ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

१७७. अप्पसत्थ०-दुस्सर० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-भय-दु०[2]-णीचा०-पंचंत० णि० अणंतगुणहीणं० । सादासाद०-चदुणोक० सिया० अणंतगुणहीणं० । णाम० सत्थाणभंगो । आदाउज्जो० पंचिंदियतिरिक्खभंगो । एवं सव्वअपज्जत्त-सव्वविगलिंदियाणं पुढ०-आउ०-वणप्फदिपत्तेय-णियोदाणं च । तेउ०-वाऊणं पि तं चेव । णवरि मणुसायु०-मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० वज्ज० ।

१७८. मणुसेसु खविगाणं ओघं । सेसं पंचिंदियतिरिक्खभंगो । एवं मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु ।

१७९. देवेसु आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०--तिरिक्ख०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०--उप०-अथिरादि-

---

चार नोकषायका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। नामकर्मका भङ्ग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है। इतनी विशेषता है कि न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थान और स्वाति संस्थानके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो वेदका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। तथा कुब्जक संस्थान और वामन संस्थानके उत्कृष्ट अनुभाग का बन्ध करनेवाला जीव नपुंसकवेदका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार चार संहननोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष द्वीन्द्रियजातिके समान है।

१७७. अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, भय, जुगुप्सा, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। सातावेदनीय, असातावेदनीय और चार नोकषायका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। नामकर्मका भङ्ग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है। आतप और उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। इसी प्रकार अर्थात् पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान सब अपर्याप्तक, सब विकलेन्द्रिय, पृथिवीकायिक, जलकायिक, वनस्पति प्रत्येक और निगोद जीवोंके जानना चाहिए। अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके भी यही सन्निकर्ष है। इतनी विशेषता है कि इनके मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रको छोड़कर सन्निकर्ष कहना चाहिए।

१७८. मनुष्योंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। शेष भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। इसी प्रकार मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियोंके जानना चाहिए।

१७९. देवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र

---

१. आ० प्रतौ चदुसंघ० अप्पसत्थ० बेइंदियभंगो इति पाठः। २. आ० प्रतौ सोलसक० भयदु० इति पाठः।

पंच-णीचा०-पंचंत० णि० । तं तु० । एइंदि०-असंप०-अप्पसत्थवि०-थावर०-दुस्सर० सिया० । तं तु० । पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-आदाउज्जो०-तस० सिया० अणंतगुणहीणं० । ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० । अणंतगुणहीणं । एवं तं तु० पदिदाणं । सादद्दंडओ इत्थि०-पुरिस० णिरयोघभंगो ।

१८०. हस्स० उ० ओघं । णवरि दोगदि-दोजादि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-पंचसंघ०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पत्थवि०-तस०-थावर०-दुस्सर०सिया० अणंतगुणहीणं० । इत्थि०-णवुंस० सिया० अणंतगुणहीणं० । रदि० णि० । तं तु० । एवं रदीए० । एइंदि०-थावर० ओघं । चदुसंठा०-चदुसंघ० ओघं ।

१८१. असंप० उ० बं० हेट्ठा उवरि तिरिक्खभंगो । णाम० सत्थाणभंगो । सेसं णिरयभंगो ।

१८२. भवण०-वाणवें०-जोदिसि०-सोधम्मी० आभिणिबोधि० उ० बं० चदुणा०-

और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है । एकेन्द्रियजाति, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभाग का भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है । पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । इसी प्रकार तं तु पतित प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । सातावेदनीय दण्डक, स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य नारकियोंके समान है ।

१८०. हास्य प्रकृतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवका भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि दो गति, दो जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । रतिका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है । इसी प्रकार रतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । एकेन्द्रियजाति और स्थावरकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है । चार संस्थान और चार संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है ।

१८१. असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवके नामकर्मसे पूर्वकी और बादकी प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है । नामकर्मका भङ्ग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है । शेष भङ्ग नारकियोंके समान है ।

१८२. भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी तथा सौधर्म और ऐशान कल्पके देवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण,

णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावर०-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत०। तं तु०। ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णिय० अणंत०-हीणं०। आदाउज्जो० सिया० अणंत०हीणं०। एवमेदाओ तं तु० पदिदाओ एक्कमेक्कस्स। तं तु०।

१८३. असंप० उ० बं० हेट्ठा उवरिं तिरिक्खगदिभंगो। णवरि णि० अणंतगुणहीणं०। णाम० सत्थाणभंगो। णवरि अप्पसत्थ०-दुस्सर० णिय०। तं तु०। सेसं देवोघं।

१८४. सणक्कुमार याव सहस्सार त्ति पढमपुढविभंगो। आणद याव णवगेवज्जा त्ति आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-हुंड०-असंप०-अप्पसत्थ०४-उप०अप्पसत्थवि०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० णि०। तं तु०। मणुस०-पंचिंदि०-तिण्णिसरीर-ओरालिअंगो०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-पसत्थवि०-तस०४-णिमि० णि० अणंतगुणही०। एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स तं तु०।

असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। आतप और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार यहां जितनी तं तु पतित प्रकृतियां हैं उनकी मुख्यतासे परस्पर उसी प्रकार सन्निकर्ष जानना चाहिए जिस प्रकार आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी मुख्यतासे कहा है।

१८३. असम्प्राप्तासृपाटिका संहननके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवके नामकर्मसे पूर्वकी और आगेकी प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि नियमसे अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन बन्ध करता है। नामकर्मका भङ्ग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है किन्तु इतनी विशेषता है कि अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है।

१८४. सनत्कुमारसे लेकर सहस्रार कल्पतकके देवोंमें पहली पृथिवीके समान भङ्ग है। आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, तीन शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो

सेसं सहस्सारभंगो। णवरि मणुसगदि [२] धुवं कादव्वं।

१८५. अणुदिस याव सव्वट्ठ त्ति आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-छदंसणा०-असादा०-बारसक०-पंचणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-अथिर-असुभ-अजस०-पंचंत णि०। तं तु० मणुस०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-पसत्थवि०-तस०४-सुभग०-सुस्सर०-आदे०-णिमि०-उच्चा० णि० अणंतगुणही०। तित्थ० सिया० अणंतगुणही०। एवं आभिणि०भंगो अप्पसत्थाणं सव्वाणं। सादादीणं आणदभंगो।

१८६. एइंदिएसु साद० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत णि० अणंत०हीणं०। तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० सिया० अणंत०हीणं०। मणुस०-मणुसाणु०-उज्जो०-उच्चा० सिया०। तं तु०। पंचिंदियादिबंधगा णिय० बं०। तं तु०। एवं तं तु० पदिदाणं सव्वाणं। सेसाणं

अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार यहां तं तु पतित जितनी प्रकृतियां हैं उनकी मुख्यतासे सन्निकर्ष आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी मुख्यतासे जैसा कहा है वैसा जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सहस्रार कल्पके समान है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति द्विकको ध्रुव करना चाहिए।

१८५. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असाता वेदनीय, बारह कषाय, पाँच नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और पांच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और उच्चगोत्रका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार सब अप्रशस्त प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी मुख्यतासे कहे गये सन्निकर्षके समान जानना चाहिए। तथा सातादिककी मुख्यतासे सन्निकर्ष, आनत कल्पमें इन प्रकृतियोंकी मुख्यतासे जिस प्रकार सन्निकर्ष कहा है, उस प्रकारका है।

१८६. एकेन्द्रियोंमें सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, उद्योत और उच्चगोत्रका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति आदिका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है

१. ता० आ० प्रत्योः णिमि० णि० उच्चा० इति पाठः।

अप्पज्जत्तभंगो ।

१८७. पंचिंदि०-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-काययोगी० ओघो । ओरालियका० मणुसभंगो। ओरालियमि०आभिणि०दंडओ[1] पंचिं०तिरि०अपज्ज० पढमदंडओ। साददंडओ तिरिक्खोघो[2] । इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-दोआउ०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-आदाउज्जो०-पसत्थवि०-दुस्सर० अपज्जत्तभंगो। मणुसग० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-पुरिस०-भय-दु०-उच्चा०-पंचंत० णि० अणंतगु०हीं० । दोवेदणी०-चदुणोक० सिया० अणंतगु०हीं० । णाम० सत्थाणभंगो ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

१८८. वेउव्वियका०-वेउव्वियमि० देवोघं। उज्जोवं ओघं। आहार०-आहारमि० आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-छदंसणा०-असादावे०-चदुसंज०-पंचणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-अथिर-असुभ०-अजस०-पंचंत० णि० । तं तु० । पसत्थाणं धुविगाणं णि० अणंतगुणहीं० ।

तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। इसी प्रकार तं तु पतित जितनी प्रकृतियां हैं उन सबकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जैसा सातावेदनीयकी मुख्यतासे कहा है वैसा जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष अपर्याप्तक जीवोंके समान है। अर्थात् पहले जिस प्रकार अपर्याप्तक जीवोंके सन्निकर्ष कह आये हैं उस प्रकार यहां शेष प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१८७. पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पांचों वचनयोगी और काययोगी जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। औदारिककाययोगी जीवोंमें मनुष्योंके समान भङ्ग है। औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरण आदि प्रथम दण्डककी मुख्यतासे सन्निकर्ष पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके प्रथम दण्डकके समान है। सातावेदनीयदण्डककी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, दो आयु, तीन जाति, चार संस्थान, चार संहनन, आतप, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरकी मुख्यतासे सन्निकर्ष अपर्याप्तकोंके समान है। मनुष्यगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। दो वेदनीय और चार नोकषायका कदाचित बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। नामकर्मका भङ्ग स्वस्थान सन्निकर्षके समान है।

१८८. वैक्रियिककाययोगी और वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य देवोंके समान है। उद्योत प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है। आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें आभिनिबोधिकज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, चार संज्वलन, पाँच नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। प्रशस्त ध्रुव प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है।

---

१. ता० आ० प्रत्योः ओरालियमि० आभिणिबो० उ० बं०, एवं आभिणिदंडओ इति पाठः।
२. आ० प्रतौ -दंडओ तिरिक्खोघो इति पाठः।

१८९. सादा० उ० बं० अप्पसत्थाणं णि० अणंतगु० । देवगदिपसत्थट्ठावीसं उच्चा० णि० । तं तु० । तित्थकरं सिया० । तं तु० । एवं पसत्थाणं एक्कमेक्कस्स तं तु० ।

१९०. हस्स० उ० बं० धुवियाणं अप्पसत्थाणं असाद०-अथिर-असुभ-अजस० णि० अणंतगु०हीं० । सेसाणं पि णि० अणंतगुण०हीं० । रदि० णि० । तं तु० । एवं रदीए० ।

१९१. कम्मइगका० आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तिरिक्ख०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० णि० । तं तु० । एइंदि०-असंप०-अप्पसत्थवि०-थावरादि०४-दुस्सर० सिया० । तं तु० । पंचिं०-ओरालि०अंगो०-पर०-उस्सा०-आदा-उज्जो०-तस०४ सिया० अणंतगु०हीं० । ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०-

---

१८९. सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव अप्रशस्त प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। देवगति आदि प्रशस्त अट्ठाईस प्रकृतियाँ और उच्चगोत्रका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। इसी प्रकार प्रशस्त प्रकृतियोंकी मुख्यतासे परस्पर सन्निकर्ष कहना चाहिए जो सातावेदनीयकी मुख्यतासे जैसा कहा है उसी प्रकारका है।

१९०. हास्य प्रकृतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव अप्रशस्त ध्रुव प्रकृतियाँ, असातावेदनीय, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। शेष प्रकृतियोंका भी नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। रतिका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। इसी प्रकार अर्थात् हास्यके समान रतिकी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१९१. कार्मणकाययोगी जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। एकेन्द्रिय जाति, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत और त्रसचतुष्कका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। औदारिक

णिमि० णि० अणंतगु०हीं० । एवं तं तु० पदिदाओ सव्वाओ ।

१९२. साद० उ० बं० पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० णि० अणंत०हीं० । दोगदि-दोसरीर-दोअंगो०-वज्जरि०-दोआणु०-तित्थय० सिया० तं तु० । पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-पसत्थ०४-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-उच्चा० णि० । तं तु० । एवं तं तु० पदिदाओ सव्वाओ । इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदुसंघ० ओघो ।

१९३. इत्थिवेदेसु आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-उप०-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० णि० । तं तु० । णिरयग०-तिरिक्ख०-एइंदि०-दोआणु०-अप्पसत्थवि०-थावर-दुस्सर० सिया० तं तु० । पंचिं[2]०-दोसरीर-वेउव्वि०अंगो०-आदाउज्जो०-तस० सिया० अणंतगु०-

शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार तं तु पतित जितनी प्रकृतियाँ हैं उनकी मुख्यतासे सन्निकर्ष आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी मुख्यतासे कहे गये सन्निकर्षके समान जानना चाहिए।

१९२. सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। दो गति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी और तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण और उच्चगोत्रका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। इसी प्रकार तं तु पतित सब प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, तीन जाति, चार संस्थान और चार संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है।

१९३. स्त्रीवेदी जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्ण चार, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, दो आनुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह

१. ता० आ० प्रत्योः दोआणु० दुवि० अप्पसत्थवि० इति पाठः। २. आ० प्रतौ सिया० पंचि० इति पाठः।

ही० । तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० अणंत०ही० । एवं तं तु० पदिदाणं अण्णमण्णस्स । तं तु० । इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-चदुआउ०-मणुसगदिपंच०-सादादिखविगाणं तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-सुहुम०-अपज्ज०-साहा० ओघं ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

१९४. णिरय० उक्क० बं० ओघं । एवं णिरयाणु०-अप्पसत्थवि०-दुस्सर० । तिरिक्ख० उ० बं० हेट्ठा उवरिं एइंदियसंजुत्ताओ सोधम्मपढमदंडओ ।

१९५. असंप० उ० बं० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तिरिक्ख०३-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-ओरालि०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०-उप०-तस०-बादर-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णीचा० पंचंत० णि० अणंतगुणही० । पंचिं०-पर०-उस्सा०-उज्जो०-अप्पसत्थवि०-पज्जत्तापज्ज० सिया० अणंतगु०-ही० । वेइं० सिया० । तं तु० ।

छह स्थान पतित हानिरूप होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, दो शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्ण चार, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार तं तु पतित जितनी प्रकृतियां हैं उनकी मुख्यतासे परस्पर सन्निकर्ष जिस प्रकार आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी मुख्यतासे कहा है उस प्रकार जानना चाहिए। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, चार आयु, मनुष्यगति पञ्चक, सातावेदनीय आदि क्षपक प्रकृतियाँ, तीन जाति, चार संस्थान, चार संहनन, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है।

१९४. नरकगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवके सब प्रकृतियोंका सन्निकर्ष ओघके समान है। इसी प्रकार नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तिर्यञ्चगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवके नामकर्मसे पूर्वकी और बादकी एकेन्द्रियजाति संयुक्त प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सौधर्मकल्पके प्रथम दण्डकके समान है।

१९५. असम्प्राप्तासृपाटिका संहननके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगतित्रिक, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। पञ्चेन्द्रियजाति, परघात, उच्छ्वास, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, पर्याप्त और अपर्याप्तका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। द्वीन्द्रियजातिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है।

---

१. आ० प्रतौ० णिमि० णि० पंचंत० इति पाठः ।

१९६. पुरिसेसु ओघो। णवरि उज्जोवं देवोघं।

१९७. णवुंस० आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-उप०-अप्पसत्थवि०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० णि०। तं तु०। दोगदि-असंप०-दोआणु० सिया०। तं तु०। पंचिं०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४-णिमि० णियमा अणंतगु०। दोसरीर-दोअंगो०-उज्जो० सिया० अणंत०हीं०। णिरयग० ओघं।

१९८. तिरिक्ख० उ० बं० असंपत्त०-तिरिक्खाणु०-अप्पसत्थवि०-दुस्सर० णि०। तं तु०। पंचिं०-ओरालि०अंगो०-तस०४ णि० अणंत०हीं०।

१९९. एइंदि० उ० बं० थावरादि०४ णि०। तं तु०। एवं थावरादि०४। सेसं ओघं।

२००. अवगदवे० आभिणिबो० उ० बं० चदुणा०-चदुदंसणा०-चदुसंजे०-

१९६. पुरुषवेदी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य देवोंके समान है।

१९७. नपुंसकवेदी जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। दो गति, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन और दो आनुपूर्वीका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। नरकगतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है।

१९८. तिर्यञ्चगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और त्रसचतुष्कका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणाहीन होता है।

१९९. एकेन्द्रियजातिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव स्थावर आदि चारका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। इसी प्रकार स्थावर आदि चारकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। शेष भङ्ग ओघके समान है।

२००. अपगतवेदी जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला

१. आ० प्रतौ चदुणा० चदुसंज० इति पाठः।

पंचंत० णि० उक्क० । साद०-जस०-उच्चा० णि० अणंतगु०हीं० । एवं अप्पसत्थाणं । साद०-जस०-उच्चा० ओघो । एवं सुहुमसंप० । कोधादि०४ ओघो । णवरि साद०-जस०-उच्चा० उ० बं० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० णि० अणंतगु० । माणे तिण्णिसंजल० णि० अणंतगु०हीं० । मायाए दोसंज० णि० अणंतगु०हीं० । लोभे ओघं ।

२०१. मदि०-सुद०-आभिणि०दंडओ ओघो । साददंडओ ओघो । णवरि पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० णि० अणंतगु० । देवगदिसंजुत्ताओ याव जस०-उच्चा०गोद त्ति णि० । तं तु० । सेसं ओघं । एवं विभंगे ।

२०२. आभिणि०-सुद०-ओधि० आभिणि० उ० बं० चदुणा०-छदंसणा०-[असाद०-बारसक०-पुरिसवे०-अरदि०-सोग-भय-दु०-अप्पसत्थ०४-] उप०-अथिर[1]-असुभ-अजस०-पंचंत० णि० । तं तु० । दोगदि-दोसरीर-दोअंगो०-वज्जरि०-

जीव चार ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायका नियमसे उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करता है । सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । इसी प्रकार अप्रशस्त प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है । इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंके जानना चाहिए । क्रोध आदि चार कषायवाले जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । मानमें तीन संज्वलनका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । मायामें दो संज्वलनका नियमसे बन्ध होता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । लोभमें ओघके समान भङ्ग है ।

२०१. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें आभिनिबोधिकज्ञानावरण दण्डकका भङ्ग ओघके समान है । सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि यह पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है । देवगतिसंयुक्त प्रकृतियोंसे लेकर यशःकीर्ति और उच्चगोत्र तककी प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है । शेष भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार अर्थात् मत्यज्ञानी जीवोंके समान विभङ्गज्ञानी जीवोंके जानना चाहिए ।

२०२. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है । दो गति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभ-

१. ता० प्रतौ एवं विभंगे आभिणि० उ० बं० चदुणा० छदंस० उप० ..... अथि० इति पाठः ।

दोआणु०--तित्थ० सिया० अणंतगु०हीं० । पंचिं०-तेजा०-क०--समचदु०--पसत्थ०४--अगु०३--पसत्थवि०-तस०४-सुभगं-सुस्सर-आदे०-णिमि०-उच्चा० णि० अणंतगु०हीं० । एवं अप्पसत्थाणं उक्कस्ससंकिलिट्ठाणं ।

२०३. हस्स० उक्क० बं० पंचणा०-छदंसणा०-असादा०-बारसक०-पुरिस०-भय-दु०-पंचिंदि०--तेजा०--क०-समचदु०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-पसत्थवि०--तस०४--अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदे०-अजस०--णिमि०-उच्चा०-पंचंत० णि० अणंतगु० । रदि० णि० । तं तु० । दोगदि-दोसरीर-दोअंगो०-वज्जरि०-दोआणु०-तित्थ० सिया० अणंतगु०हीं० । एवं रदीए० ।

२०४. मणुसाउ० देवोघं । सादादीणं खविगाणं देवाउ० मणुसगदिपंचगस्स य ओघो । एवं आभिणि०भंगो ओधिदंस०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम० । मणपज्ज० आभिणि०भंगो । णवरि असंजदपगदीओ वज्ज । एवं संजद-सामाइय-च्छेदो०-परिहार० । संजदासंज० आभिणि०दंडओ साददंडओ ओधि०भंगो । णवरि संजदासंजदपगदीओ

नाराच संहनन, दो आनुपूर्वी और तीर्थङ्करका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। पञ्चेन्द्रियजाति, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और उच्चगोत्रका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। उत्कृष्ट संक्लेशसे उत्कृष्ट बन्धको प्राप्त होनेवाली अप्रशस्त प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष इसी प्रकार जानना चाहिए।

२०३. हास्यके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। रतिका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। दो गति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी और तीर्थङ्करका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार रतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२०४. मनुष्यायुकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य देवोंके समान है। सातावेदनीय आदि क्षपक प्रकृतियाँ, देवायु और मनुष्यगतिपञ्चककी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है। इसी प्रकार आभिनिबोधिक ज्ञानी जीवोंके समान अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदगसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। मनःपर्ययज्ञानी जीवोंका भङ्ग आभिनिबोधिक ज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि असंयतोंके बँधनेवाली प्रकृतियोंको छोड़कर यह सन्निकर्ष कहना चाहिए। इसी प्रकार संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत और परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके कहना चाहिए। संयतासंयत जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरण दण्डक और सातावेदनीय दण्डक अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि संयतासंयत प्रकृतियोंको

१. ता० प्रतौ तस० सुभ० इति पाठः ।

धुविगाओ कादव्वाओ। सेसं ओघो। असंजदेसु मदि०भंगो। णवरि असंजदसम्मादिट्ठि-पगदीओ णादव्वाओ। चक्खु०-अचक्खु० ओघभंगो।

२०५. किण्णाए आभिणि०दंडओ णवुंसगभंगो। साददंडओ णिरयभंगो। चदुआउ० ओघं। णवरि देवाउ० उ० बं० पंचणा०-छदंसणा०-साता०-बारसक०-पंचणोक०-देवगदिअट्ठावीस-उच्चा०-पंचंत० णि० अणंतगुणही०। तित्थ० सिया० अणंतगु०। अथवा मिच्छादिट्ठी यदि करेदि तो मिच्छादिट्ठिपगदीओ सम्मादिट्ठि-पगदीओ वि णादव्वाओ।

२०६. देवगदि० उ० बं० पंचणा०-छदंस०-साद०-बारसक०-पंचणोक०-पंचिंदि-यादिपसत्थाओ-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० णि० अणंतगु०ही०। वेउव्विय०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणुपुव्वि० णि०। तं तु०। तित्थ० सिया०। तं तु०। एव देवगदिभंगो वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु०-तित्थ०। तिरिक्ख०-एइंदि० णवुंसगभंगो। सेसं ओघं।

२०७. णील-काऊणं आभिणि०दंडओ साददंडओ णिरयभंगो। इत्थि०-पुरिस०-

ध्रुव करना चाहिए। शेष भङ्ग ओघके समान है। असंयत जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि असंयतसम्यग्दृष्टि सम्बन्धी प्रकृतियाँ जाननी चाहिए। चक्षुदर्शनी और अचक्षुदर्शनी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है।

२०५. कृष्णलेश्यामें आभिनिबोधिकज्ञानावरण दण्डक नपुंसकोंके समान जानना चाहिए। सातावेदनीय दण्डक नारकियोंके समान जानना चाहिए। चार आयुओंका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि देवायुके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, बारह कषाय, पाँच नोकषाय, देवगति आदि अट्ठाईस प्रकृतियाँ, उच्च-गोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। तीर्थ-ङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। अथवा मिथ्यादृष्टि यदि करता है तो मिथ्यादृष्टि प्रकृतियाँ और सम्यग्दृष्टि प्रकृतियाँ भी जाननी चाहिए।

२०६. देवगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शना-वरण, सातावेदनीय, बारह कषाय, पाँच नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति आदि प्रशस्त प्रकृतियाँ, निर्माण, उच्चगोत्र, और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। इसी प्रकार देवगतिके समान वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तिर्यञ्चगति और एकेन्द्रिय जातिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष नपुंसक जीवोंके समान है। शेष भङ्ग ओघके समान है।

२०७. नील और कापोतलेश्यामें आभिनिबोधिक ज्ञानावरण दण्डक और सातावेदनीय

---

१. आ० प्रतौ मिच्छादिट्ठिपगदीओ वि इति पाठः। २. आ० प्रतौ अणंतगु०ही०। वेउव्वि० अंगो० इति पाठः।

हस्स-रदि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-उज्जो० णिरयभंगो। चदुआउ० ओघं। णवरि देवाउ० उ० बं० पंचणा०-छदंसणा०-साद०-बारसक०-पंचणोक०-देवगदिअट्ठावीस-उच्चा०-पंचंत० णि० अणंतगुणही०। तित्थ० सिया० अणंतगुणही०। अथवा पुण मिच्छादिट्ठिस्स पि होदि तदो णादव्वा विभासा। णिरयगदि० उ० बं० णिरयाणु० णि०। तं तु०। सेसाओ णि० अणंतगु०। एवं णिरयाणु०। देवगदि४-तित्थय० किण्ण०-भंगो। चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ णवुंसगभंगो। उज्जोवं पढमपुढविभंगो। काऊए तित्थ० णिरयभंगो।

२०८. तेऊए आभिणि०दंडओ सोधम्मभंगो। साददंडओ परिहार०भंगो। इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-दोआउ०-चदुसंठा०-पंचसंघ० सोधम्मभंगो। देवाउ० ओघो। मणुसगदिपंचगं ओघं। एवं पम्माए वि। णवरि अप्पसत्थाणं सहस्सारभंगो णादव्वो। सुक्काए आभिणि०दंडओ इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसाउ०-चदुसंठा०-चदुसंघ० आणदभंगो। सेसं ओघं।

२०९. भवसि० ओघं। अब्भवसि० आभिणि०दंडओ ओघं। साद० उ० बं० पंचणा०- णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० णि०

दण्डकका भङ्ग नारकियोंके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, चार, संस्थान, चार संहनन और उद्योतका भङ्ग नारकियोंके समान है। चार आयुका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि देवायुके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, बारह कषाय, पाँच नोकषाय, देवगति आदि अट्ठाईस प्रकृतियाँ, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। अथवा यदि मिथ्यादृष्टिके भी होता है तो विकल्प जानना चाहिए। नरकगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव नरकगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभाग का भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। शेष प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है जो अनुत्कृष्ट अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार नरकगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष कृष्णलेश्याके समान है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारकी मुख्यतासे सन्निकर्ष नपुंसक जीवोंके समान है। उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष पहली पृथिवीके समान है। कापोतलेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष नारकियोंके समान है।

२०८. पीत लेश्यामें आभिनिबोधिक ज्ञानावरण दण्डकका भङ्ग सौधर्म कल्पके समान है। सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, दो आयु, चार संस्थान और पाँच संहननका भङ्ग सौधर्म कल्पके समान है। देवायुका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति पञ्चकका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसमें अप्रशस्त प्रकृतियोंका भङ्ग सहस्रार कल्पके समान है। शुक्ललेश्यामें आभिनिबोधिकज्ञानावरणदण्डक, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यायु, चार संस्थान और चार संहननका भङ्ग आनत कल्पके समान है। शेष भङ्ग ओघके समान है।

२०९. भव्य जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। अभव्य जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरण दण्डक ओघके समान है। सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पाँच ज्ञानावरण

अणंतगु० । तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० सिया० अणंतगु० । मणुसगदिपंचग-देवगदि४-उज्जो०-उच्चा० सिया० । तं तु० चाचादि०-तेजा०-क० समचदु०-पसत्थ०[४-] अगु०३-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि० णिय० । तं तु० । एवं उच्चागोदं पि । णवरि तिरिक्खसंजुत्तं वज्ज ।

